## एक नजर में

### कसरावद नगर में श्रावण शिवरात्रि पर महिलाओं की प्रेरणादायक कावड़ यात्रा



**कसरावद।** कसरावद में श्रावण शिवरात्रि पर वार्ड नंबर 7 पार्षद रेखा हेमंत सोनी के नेतृत्व में कसरावद नगर में महिलाओं द्वारा निकाली गई कावड़ यात्रा एक अद्वितीय और प्रेरणास्पद आयोजन के रूप में सामने आई है। इस धार्मिक यात्रा में महिलाओं की आस्था, उत्साह और सामूहिक ऊर्जा देखते ही बनती है। कसरावद नावड़ातोड़ी स्थित श्री शालीवाहन मंदिर मे पूजा अर्चना कर मां नर्मदा के पवित्र जल को कावड़ में भरकर 150 से अधिक महिलाएं नगर की सुख-समृद्धि और शांति की कामना के साथ हर हर महादेव जय घोष के साथ आदर्श नगर छोटे भिलट देव के मां नर्मदा के जल से अभिषेक किया गया। यात्रा नगर पहुंचने पर पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। नगर की सुख समृद्धि शांति के लिए महिलाओं की एकता, सामाजिक सहभागिता और जन-जागरूकता का भी प्रतीक बन चुका है। पार्षद रेखा हेमंत सोनी द्वारा बताया गया कि बीते तीन वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही इस कावड़ यात्रा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि यह आयोजन नगरवासियों के लिए कितना भावनात्मक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में बह्मकुमारीज का प्रेरणादायी कार्यक्रम




**खरगोन।** 21 जुलाई को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, झिरन्या में ब्रह्माकुमारीज़ झिरन्या द्वारा शिक्षा और संस्कारष् विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारीज उर्मिला दीदी तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा रानी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और जीवन में संस्कारों के महत्व को समझाना था। उर्मिला दीदी ने बच्चों को सरल भाषा में कहानियों के माध्यम से जीवन मूल्यों का महत्व समझाया। बच्चों की सक्रिय सहभागिता के लिए प्रश्नोत्तर एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्या रेखा रानी ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ उत्तम संस्कार ही एक अच्छे नागरिक की पहचान होते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे सदैव अपने व्यवहार में विनम्रता, अनुशासन और सत्कर्मों को अपनाएं।

### महिलाओं ने अच्छी बारिश की कामना की



**अंदड, ( निप्र )।** वर्षा नहीं होने से क्षेत्र में चिंता की लकीरें फसले पानी के अभाव में मुरझाने लगी जामनया मे गांव की महिलाओं ने की काकड़ पूजा, लाडा लड़ी बनाकर गांव में घूम चंदा इकट्ठा किया नाचेगा गा ते भजन कीर्तन करते गांव के बाहर काकड़ पर जाकर पूजा की प्रसाद बनाया, वितरण किया, गांव में ऋषि भाई और रुक्मिणी बाई को लड़ा लड़ी बनाया, इनके साथ गांव की हर मोहल्ले की महिलाएं भी इकट्ठी हुई और गांव में भजन कीर्तन करते घूमती देखी गई शांताबाई ने बताया कि अपने एरिया में बारिश नहीं हो रही है जिससे जैन जनित बीमारी फैलने एवं फसलों की स्थिति खराब हो रही है जसोदा भाई ने बताया कि प्रसाद एवं पूजा का पानी सारे गांव में बाटा गया एवं अच्छी बारिश की कामना की,

### पार्श्व गायक मुकेश की संगीतमय जयंती मनाई

**बड़वाह, निप्र।** नर्मदा मालवा सांस्कृतिक कला मंच ने




संगीतमय प्रस्तुतियां देकर महान गायककार मुकेश की याद मे एक शाम मुकेश के नाम से सुरमयी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। समारोह के शुभारंभ मे मा.कपिल तिवारी गडबड़ व सिंगर्स ने मुकेश जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके वंदन किया। तत्पश्चात कपिल तिवारी ने विभिन्न गायककार व संगीत कारो से मिले संग्रहित पत्रो का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम शुभारंभ मे सुंदर कांड भजन व गायककार व अध्यक्ष मा.मनोज शर्मा ने गणेश वंदना प्रस्तुत की सुरीले सफर का सुमधुर संचालन दायित्व शिक्षक व सिंगर पुष्पेन्द्र रावल ने संभाला। पश्चात कराओके गायन क्रम मे स्वर कोकिला अलका शर्मा ने जो तुमको हो पसंद वही..पंकज कुमुद ने मै पल दो पल..व सुश्री दीप्ती के संग युगल नगमा सावन का महीना..जयप्रकाश श्री वास्तव ने किसी की..का शानदार नगमा सुनाया। सचिव- सुनील भालसे ने लोकप्रिय नगमा मैने तेरे लिए ही..सुनाया। प्रवीण श्रीमाली ने मधुर नगमा चल अकेला..सुनाया। अध्यक्षता वरिष्ठ सिंगर मा.कपिल तिवारी गड़बड़ ने की व सीटी से आरके बेनर के तहत बनी फिल्म का नगमा भी सुनाया विशेष अतिथि सिंगर भुवनेश पाराशर थे। मनोज शर्मा के संग कु. दिप्ती धीरे धीरे बोल..ने हुबहु सुरमयी स्वरों सुनाकर भावविभोर कर दिया। डा.मनीष बर्वे ने तोबा ये मतवाली...तथा मुबारक हो...का गीत सुनाया सोहन राठौड़ ने कभी कभी...तथा बोल राधा बोल..नगमा प्रस्तुत किया। अदिति शर्मा ने जाने कहां गये वो....से सरोबार किया। दिलीप व्यास ने रूक जा ओ...ओर वक्त करता...नगमा सुनाया। डा.अरुण चिंचे ने कई सदियों से...गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। संतोष कोचले ने चांद सी महबूबा हो...प्रस्तुत कर समा बांधा राजेश मोरी ने कही दूर जब...सुनाया।

# स्कूल चले हम द्वितीय चरण में चाइल्ड ट्रैकिंग एप बनेगा नामांकन वृद्धि का आधार : बीआरसी

नवभारत न्यूज

**कसरावद। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान 2025-26 के द्वितीय चरण में नामांकन वृद्धि को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत चाइल्ड ट्रैकिंग एप के माध्यम से कक्षा 1 से 12वीं तक के बच्चों की पहचान कर नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है।**



बीआरसी राजाराम कांदोड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद शिक्षा केंद्र कसरावद अंतर्गत 403 शालाओं में 1267 शिक्षक इस एप के माध्यम से घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य सत्र 2025-26 के लिए शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। क्या है चाइल्ड ट्रैकिंग एप?

चाइल्ड ट्रैकिंग एप शिक्षा विभाग द्वारा विकसित किया गया एक डिजिटल उपकरण है, जिसके माध्यम से 6 से 18 वर्ष की उम्र के नामांकित एवं अनामांकित बच्चों की जानकारी एकत्र की जा रही है।एप में परिवार आईडी के माध्यम से पूरे परिवार के बच्चों की जानकारी उपलब्ध रहती है। इसमें बच्चों के नाम, कक्षा, विद्यालय, दूरी, ड्रॉपआउट इत्यादि का विवरण दर्ज किया जाता है। यह एप नामांकन सुधार, ड्रॉपआउट की पहचान, एवं सहायता योजनाओं की पात्रता तय करने में उपयोगी सिद्ध हो रहा है।प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता केंद्र विकासखंड स्तर पर एप से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु जनपद शिक्षा केंद्र कसरावद में एक हेल्प सेंटर स्थापित किया गया है। इसमें बीएसी परमानंद पठौते, जनशिक्षक अमित दुबे एवं संतोष एसके द्वारा समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

### सर्वे की प्रगति

बीआरसी के अनुसार बुधवार तक लगभग 11त्न कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्रत्येक ग्राम में वरिष्ठ शालाओं के प्रधानपाठक एवं प्राचार्य को ग्राम प्रभारी नियुक्त किया गया है। बीएसी अजय कर्मा, यशवंत सिटोले और मुकेश यादव ने बताया कि सभी शिक्षक अपने-अपने वार्डों में आवंटित घरों का सर्वे कर रहे हैं।सर्वेयर शिक्षक राकेश पाटीदार,नर्मदा पाटीदार ने बताया कि वार्ड 5 में 770 परिवारों का वी ई आर सर्वे कार्य जारी है। निष्कर्षत:, स्कूल चले हम अभियान का यह डिजिटल चरण नामांकन सुधार में मील का पत्थर साबित हो सकता है। चाइल्ड ट्रैकिंग एप एक प्रभावी उपकरण के रूप में न केवल बच्चों की पहचान कर रहा है बल्कि उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का माध्यम भी बन रहा है।

### साइकिल योजना में पात्रता निर्धारण

बीएसी नरेंद्र पाटीदार ने बताया कि जिन बच्चों को पोषक शाला तक 2 किमी या उससे अधिक दूरी तय करनी होती है, वे सायकल योजना में पात्र होंगे। पात्रता निर्धारण का कार्य प्रधानपाठकों द्वारा पोर्टल पर किया जा रहा है। बुधवार तक कसरावद ब्लॉक में 110 बालक एवं 136 बालिकाओं को पात्र घोषित किया गया है।



## नगर में हुई हल्की बारिश से उमस भरी गर्मी ने बेहाल

नवभारत न्यूज

**बिस्टान नि प्र ।** गत एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी और तेज धूप से परेशान लोगों को मंगलवार शाम को नगर में हुई हल्की बारिश से उमस भरी गर्मी ने बेहाल कर दिया । वहीं दूसरी ओर इस बारिश से गर्मी में बोई फसलों को थोड़ी राहत मिली है ।

अभी मक्का के भुट्टों में दाने भरने की प्रक्रिया शुरू हुई है ।ऐसे में बारिश की आवश्यकता महसूस हो रही है। इस हल्की सी बारिश से मक्का की फसल लला रही है। पिछले एक सप्ताह में क्षेत्र में तेज धूप वाला मौसम रहने से फसले मुरझाने लगी थी। क्षेत्र में जोरदार बारिश नहीं होने से नदी, नालों, तालाबों, कुओं में पानी नहीं भरने व जंगल में पशुओं के लिए चारा पानी की कमी का संकट भी होने लगा है। किसान दीपक पाटिल, भोला पाटिल, गणेश पाटिल, नीरज पंडित आदि ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में अभी कम बारिश हुई है। इस साल मक्का का रकबा अधिक होने से जोरदार बारिश की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं

## सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की आस्था

### पेंशन व जनसहयोग से सेवा व पुराने मंदिरों का जीर्णोद्धार नवनिर्मित मंदिरों में होगी प्राण- प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र। नगर के नयानगर वार्ड 6 स्थित संतोषी माता के झीरे के पास प्राचीन मंदिर मे नवीन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। 25 से 28 जुलाई तक धार्मिक अनुष्ठान मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा।**



श्री बालकृष्ण हनुमान मंदिर शिव मंदिर श्री नाग देवता का मंदिर खुले आसमान में स्थित थे। यहां सिचाई विभाग के चतुर्थ श्रेणी सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रद्धालु जगदीश चन्द्र राठौड़ द्वारा

पेंशन एवं जनसहयोग से तीन मंदिरो का एक साथ जीर्णोद्धार कार्य कराया है। चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियो को लेकर बैठक संपन्न हुई है। मंदिर समिति के सनातन धर्म सेवा समिति के सचिव यशवंत सिंह राठौर ने बताया कि पुराने समय में यहां प्राचीन प्रतिमाएँ विराजित है।

इनके जीर्णोद्धार को लेकर सिंचाई विभाग में सेवा निवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जगदीश चन्द्र राठौड़ आगे आए हैं। वर्ष 2004 से शासकीय सेवा में रहते हुए उनके वेतन से बचत करके हर महीने मंदिर निर्माण के लिए राशि दी गई। जब वे सेवानिवृत हुए तो पेंशन की राशि मंदिर निर्माण के लिए प्रतिमाह खर्च कर रहे हैं। ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था और लगन के कारण उन्हें बाहर जाकर किसी से सहयोग की आवश्यकता नहीं पड़ी। यहां पहुंचने वाले खुद श्रद्धालुओं ने मंदिर में आकर, मंदिर निर्माण मे स्वेच्छा अनुसार दान पुण्य कर्म कर सहयोग दिया है।

चार दिवसीय नवीन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत श्री बालकृष्ण हनुमान मंदिर में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, श्री हनुमान जी महाराज, शेष नाग, भैरव बाबा, जी की नवीन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक अनुष्ठान 25 जुलाई को कलश शोभायात्रा के साथ ही प्रतिमा यात्रा मंदिर परिसर से जय स्तंभ चौराहे से होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचेगी। 28 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत पूर्णाहुति होगी। इसके बाद कन्या भोज, भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में संतोषी माता का झीरा बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य भी अगामी प्रस्तावित है। बगीचा विकसित किया गया है। प्रतिदिन देख रेख कर रहे हैं। यहां पूजन करने वाले बच्चों को भी आध्यात्मिक जानकारी दे रहे हैं । मंदिर का मुख्य द्वार 20 फीट ऊंचा 15 फीट चौड़ा है।

धार्मिक अनुष्ठान को लेकर मंदिर समिति सदस्यों ने श्रध्दालुओं से धार्मिक आयोजन मे शामिल होने का आग्रह किया है।

### कमिश्नर इंदौर ने शासकीय छात्रावासों और आश्रमों के निरीक्षण के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**खरगोन।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, जनजातीय एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावास और आश्रम एवं आवासीय परिसर में 01 जुलाई से एडमिशन प्रारंभ हो चुके हैं। कमिश्नर इंदौर संभाग श्री दीपक सिंह ने बताया कि इंदौर संभाग में इन संस्थाओं में अनुसूचित जाति, जनजातीय एवं पिछडे वर्ग के विद्यार्थी बडी संख्या में निवासरत हैं, जिनके भोजन, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने बताया कि इन व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए यह आवश्यक है कि इन आवासीय संस्थाओं की नियमित रूप से आकस्मिक जांच होती रहे, ताकि छात्र छात्राओं को शासन की ओर मिलने वाली सुविधाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी संस्थाओं के निरीक्षण के लिए लगाई है। खरगोन में जिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, जिला स्तरीय छात्रावासों के निरीक्षण के लिए संयुक्त आयुक्त (विकास) इंदौर संभाग की ड्यूटी लगाई गई है।

## पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं को नशा मुक्ति अभियान में किया शामिल

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश पुलिस के नशा मुक्ति अभियान के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देश पर मंडलेश्वर थाना प्रभारी दीपक यादव के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम जारी है।बुधवार मंडलेश्वर थाने के उप निरीक्षक कमल तारे, हेड कांस्टेबल दिनेश रोमडे महिला आरक्षक संगीता बघेल एवं सारिका इश्के ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। उप निरीक्षक कमल तारे ने कहा कि हमारे समाज में लड़की का बहुत महत्व है हर परिवार में लड़की की बात सुनी जाती है इसलिए सभी लड़कियां अपने परिवार में नशा करने वाले को समझाएं कि नशा नहीं करे।इस तरह हर लड़की नशा मुक्ति अभियान में अपना योगदान दे।हेड




मोहरीर दिनेश रोमडे ने कहा कि लड़कियां नशे से दूर रहे क्योंकि बड़े शहरों में शिक्षा लेने जाने वाली लड़कियां भी गलत संगती के कारण नशे की लत का शिकार हो जाती है इससे बचे और अपने साथियों को भी बचाएं सार्वजनिक स्थानों पर नशा धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है नए कानून बी एन एस की धारा 270 के अनुसार ऐसा करने वाले पर जुर्माना किया जा सकता है।आरक्षक संगीता बघेल ने कहा कि एक लड़की अगर चाहे तो वह अपने परिवार में नशा करने वाले को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित कर सकती है इसके लिए आपको प्रयास करना चाहिए प्रारंभ में सफलता नहीं मिले तब भी प्रयास करते रहना चाहिए एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। प्राचार्य एस एस डावर श्रीमती शबनम खान विजय वानखेड़े ने भी बालिकाओं को नशा नहीं करने और नशा करने वाले को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने के लिए आगे आने का आव्हान किया।इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने पुलिस द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत आयोजित क्विज कांटेस्ट में भाग लिया।



### राष्ट्रीय कार्यशाला का सीधा प्रसारण देखा, प्राध्यापक और विद्यार्थी हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा रुझान एवं नए अवसर विषय पर भोपाल में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिखाया गया।

कार्यशाला के प्रभारी डॉ प्रवीर पाण्डे ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर 23 जुलाई को राष्ट्रीय कार्यशाला का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया गया।जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो राजगुरु पाटीदार डॉ एम एस चौहान डॉ ओ एस परिहार, प्रो चेतना सिद्धड , डॉ आरती सुगंधी, डॉ एस एस ठाकुर, डॉ धर्मेन्द्र कुमार सिंह,डॉ संतोष बर्डे, डॉ विजय सिंह मंडलोई, प्रो गब्बर सिंह परमार डॉ अशोक कोचले, डॉ कपिल खरे शामिल हुए।राष्ट्रीय कार्यशाला में महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार,और उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा के उद्बोधन को विद्यार्थियों ने ध्यान पूर्व सुना और प्राध्यापकों से विषय पर अपनी जिज्ञासा भी दिखाई।

## एक नजर में ,,,,,अपलक रही .. भव्य आयोजन में पूरा महाविद्यालय जुटा !

# सरदार वल्लभ पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में प्रवेशोत्सव उदय की झलक

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** महाविद्यायल ने अपना 24 वाँ प्रवेशोत्सव उदय को विशेष प्रसंग (थीम) पर मनाया। सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में पहुंचते ही सभी विद्यार्थियों का हर्षोल्लास से स्वागत कुमकुम तिलक से और चॉकलेट दे कर किया गया। इसके पश्चात् सेमिनार हॉल में मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें महाविद्यालय के संचालक बीएम पाटीदार और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने मां सरस्वती व महाविद्यालय के प्रेरणा पुंज सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र का पूजन,वंदन व माल्यार्पण किया। मां सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत का गायन कु. शिवानी केवट और कु.



ट्विंकल पंवार ने किया। इस अवसर पर संचालक बीएम पाटीदार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी महाविद्यालयीन शिक्षा का शुभारंभ आज से हो रहा है, आपके उज्ज्वल भविष्य की मैं कामना करता हूं... और आप सभी के साथङ्कसाथ आपके पलकों को भी हृदय से आभार व धन्यवाद देता हूं कि आपने निमाड़ क्षेत्र के निजी अग्रणी महाविद्यालय मंडलेश्वर का चयन किया। आपके विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए हम सभी सदैव ही संवेदनशील रहते हैं। निश्चित ही आप यहां अपने सर्वांगीण विकास को बड़ी सरलता से प्राप्त कर पाएंगे। सभी प्राध्यापकों और गैरशैक्षणिक सहायकों ने अपना परिचय मंच पर आकर देते हुए विद्यार्थियों को क्रमश: संबोधित भी किया और अपने उत्तरदायित्व तथा अपने विषय की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्राध्यापक शिवपालसिंह पटेल ने अपनी शैली से करते हुए समारोह को सहज और प्रभावी बना दिया। महाविद्यालय कॉर्डिनेटर प्रीतेश पाटीदार ने भी सभी को शुभकामना दी। इस अवसर पर धर्मेंद्र पाटीदार, प्रो. राजीव काले, प्रो. शशांक शुक्ला, प्रो. राजेंद्र पाटीदार, प्रो. मुरलीधर कर्मा, प्रो. हरिवल्लभ शास्त्री और, प्रो.विनर्स दवाने, प्रो. अंकित चोरे, प्रो. पूजा सोलंकी , प्रो. सुनीता पाटीदार, प्रो. अर्चना पंवार, प्रो. रितु साहू, प्रो.पूजा कुमारवत, प्रो. सुरभि बड़ोले, प्रो.नितिन यादव, प्रो. धर्मेंद यादव, प्रो. अंजलि बड़ोले, प्रो. दिव्या दसौंधी , प्रो. पवन जोनवाल, प्रो. निहारिका मकवाने, प्रो. कामिनी पाटीदार, प्रो. मुस्कान सेन, प्रो.मुस्कान जैन, प्रो. नाहिद मंसूरी, प्रो. जागृति जोशी एवं कार्यालय सहयोगी कमलेश पाटीदार, अजय गीते, विजय राठौड़, लोकेश पाटीदार, राहुल शर्मा, राजेश पटेल तथा नवीन महाविद्यालयीन नवीन बैच के सभी नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी

अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने प्रेरणादायक वक्तव्य में महाविद्यालय की गरिमा, परम्परा , ऊंचाइयों और उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय में प्रतिदिन शैक्षिक तथा अन्य सभी गैरशैक्षिक गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा अपनाएं जाने वाले नियमों की संपूर्ण जानकारी दी। और कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में कैसे सफल व्यक्तित्व का विकास कर सकता है? मानवीय गुणों का प्रभाव इतना अधिक रहता है कि सफलता के लिए चढ़ी जाने वाली सीढ़ियों की संख्या को बहुत कम कर देता है।